# कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी पन्ना, उत्तर वन मण्डल पन्ना (म०प्र०)

(पता :- सतना बैरियर के आगे, सतना तिराहा, अमानगंज रोड, पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) पिनः- 488001) E-mail :- rotpanna@mp.gov.in

क्रमांक / 2022 / 252 पन्ना, दिनांक :- 18.2.2022

प्रति,

वन मण्डल अधिकारी
उत्तर वन मण्डल पन्ना

द्वारा :- उप वन मण्डल अधिकारी पन्ना।

विषय :- पन्ना मिनी स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत प्रस्तावित अटल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण के लिये अनापत्ति प्रदान करने विषयक ऑनलाईन प्रस्ताव क्र0 / FP/MP/Others/ 150967/2022

संदर्भ :- व0म0अ0उत्तर पन्ना का पत्र क्र0 / मा0चि0 / 2022 / 606 दि. 18.02.2022

---00---

विषयान्तर्गत निवेदन है कि संदर्भित पत्र के परिपालन में पन्ना मिनी स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत प्रस्तावित अटल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण हेतु 0.999 हे0. प्रभावित वनभूमि पर व्यपवर्तन की अनुमति / अनापत्ति प्रदाय करने विषयक प्रतिवेदन चाहा गया था, जिसकी जांच मौका स्थल पर जांच की गई, जिसका प्रतिवेदन बिन्दुवार सादर प्रस्तुत है :-

1. यहकि प्रस्ताव अनुसार अटल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण हेतु क्षेत्रफल 0.999 हे0. का प्रस्तावित किया गया है जो बीट पन्ना के वन कक्ष क्रमांक पी-427 के अंतर्गत आता है।
2. यहकि प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण में कोई वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे है।
3. यहकि प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण स्थल की जी.पी.एस. क्वार्डिनेट्स (A) N-24$^0$42'53.00" E-80$^0$11'42.00" (B) N-24$^0$42'54.00" E-80$^0$11'39.00" (C) N-24$^0$42'58.00" E-80$^0$11'40.00" (D) N-24$^0$42'57.52" E-80$^0$11'42.28" (E) N-24$^0$42'56.00" E-80$^0$11'42.00" (F) N-24$^0$42'54.00" E-80$^0$11'42.00" है। जिसका पंचनामा संलग्न है।
4. यहकि प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण की अनुमति दिये जाने पर वन्य जीव तथा वन एवं पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अस्तु प्रस्ताव श्रीमान् की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(अभिषेक दुबे)
वन परिक्षेत्राधिकारी
वन परिक्षेत्र पन्ना

कार्या. उप वन मण्डलाधिकारी उप वन मंडल पन्ना (म.प्र.)
क्रमांक/उ0व0मं0अ0/ 395 / पन्ना दिनांक 21/2/22

प्रति,
व. म. अ. उत्तर पन्ना
प.अ. ... प्रेषित निरीक्षण प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

उप वन मण्डलाधिकारी
पन्ना उप वन मण्डल पन्ना

# पंचनामा

हम पंचान नीचे हस्ताक्षर कर्ता यह तस्दीक करते हैं कि आज दिनांक 19/2/2022 को श्रीमान वनमण्डलाधिकारी महो० उत्तर पन्ना के पत्र क्र./मा.चि./2022/606 दिनांक 18/2/2022 के परिपालन में वन परिक्षेत्राधिकारी पन्ना के समक्ष परिक्षेत्र सहायक अकरहरी बीट गार्ड पन्ना एवं अन्य स्टाफ के सहित पन्ना मिनी स्मार्ट सिटी योजना अन्तर्गत प्रस्तावित अटल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण के लिये प्रस्तावित 0.99 हे. क्षेत्र का मौके पर आकर स्थल निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित नक्शा अनुसार मौके की जी.पी.एस रीडिंग ली गई जो (A) N-24°42'53.00 E 80°11'42.00 (B) N-24°42'54.00" E-80°11'39.00 (C) N-24°42'59.00 E 80°11'40.00 (D) N-24°42'57.52 E-80°11'42.28 (E) N-24°42'56.00 E 80°11'42.00 (F) N-24°42'54.00" E 80°11'42.00" होना पाई गई।

जी.पी.एस. रीडिंग के अनुसार उक्त स्थल बीट पन्ना के वन कक्ष क्रमांक P-427 के अन्तर्गत आता है। स्थल पर कोई भी वृक्ष नहीं पड़ रहा है।

जिसका मौका पंचनामा लेख किया गया जिसकी हम पंचान तस्दीक करते हैं।

पंचनामा मेरे द्वारा
लेख किया गया।

[signature] R.A. [illegible]
19/2/22

1. अभिषेक दुबे — AD 19/02/22
प.अ. पन्ना

2. भरत लुहरहा — [signature]
बी.गा. पन्ना

3. संतोष यादव — सन्तोष
सुरक्षा श्रमिक